उत्तर प्रदेश में सीधे डायल घुमा कर टलीफोन करने की व्यवस्था से वंचित प्रमाणीय मुख्यालय

2213. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के उन प्रमायीय मुख्यालयों के नाम क्या हैं जहां सीधे डायल घुमा कर टेलीफोन करने की सुविधा नहीं है; और

(ख) अब तक यह सुविधा वहां न देने के क्या कारण हैं और यह सुविधा वहां कब तक दी जायेगी ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) और (ख). गोरखपुर, झांसी, नैनीताल और पौड़ी गढ़वाल में अभी तक आटोमेटिक एक्सचेंज नहीं हैं।

आटोमेटिक एक्सचेंज उपस्कर की निहायत कमी है। इसलिए मैनुअल एक्सचेंजों को विभिन्न चरणों में आटोमेटिक बनाया जा रहा है। ऊपर बताये गये एक्सचेंजों को आटोमेटिक बनाने का कार्यक्रम इस प्रकार है :—

(i) **गोरखपुर** : 2700 लाइनों के एक आटोमेटिक एक्सचेंज की स्थापना की जा रही है। आशा है कि यह एक्सचेंज इस महीने के अन्त तक चालू हो जाएगा।

(ii) **झांसी** : 7वीं योजना के दौरान आटोमेटिक एक्सचेंज लगाने की संभावना है।

(iii) **नैनीताल** : वर्ष 1980–81 में आटोमेटिक एक्सचेंज चालू करने की योजना है।

(iv) **पौड़ी गढ़वाल** : वर्ष 1981–82 में एक छोटा आटोमेटिक एक्सचेंज स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

देश में टेलेक्स एक्सचेंज

2214. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के उन नगरों और कस्बों की संख्या और उनके नाम क्या हैं जिनमें टेलेक्स एक्सचेंज केन्द्र हैं;

(ख) क्या छठी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में ऐसे केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं और ये एक्सचेंज कहां-कहां स्थापित किये जायेंगे ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित स्थानों पर आठ टेलेक्स एक्सचेंज हैं :—

आगरा, इलाहाबाद, देहरादून, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, रायबरेली और वाराणसी। 9वां टेलेक्स एक्सचेंज गाजियाबाद में स्थापित किया जा रहा है।

(ख) जी हां।

(ग) 6ठी योजना में निम्नलिखित तेईस स्थानों में टेलेक्स-सुविधाओं की व्यवस्था करने की योजना है, बशर्ते कि वहां टेलेक्स कनेक्शनों की पर्याप्त मांग हो :—

अलीगढ़, बरेली, भदोही, गोरखपुर, झांसी, फैजाबाद, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर,